संख्या–cm-90
16/02/2019

मुख्यमंत्री ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुये बिहार निवासी सी0आर0पी0एफ0 के दो जवानों के पार्थिव शरीर के पटना पहुँचने पर पुष्प–चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी

- मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को सरकार की तरफ से हरसंभव सहायता देने का किया ऐलान
- 11 लाख रूपये के साथ–साथ मुख्यमंत्री राहत कोष से दिये जायेंगे 25 लाख रूपये, इसके अलावा भी दी जायेगी सभी प्रकार की सहायता

पटना, 16 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डा पर पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बिहार के निवासी सी0आर0पी0एफ0 के हवलदार संजय कुमार सिन्हा एवं शहीद सिपाही रतन कुमार ठाकुर के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस आतंकवादी घटना का जवाब जरुर मिलेगा। पूरा देश एकजुट है। पत्रकारों के एक प्रश्न कि पाकिस्तान आतंकवादी घटना को हवा दे रहा है के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जगजाहिर है वहाँ आतंकवादी संगठनों को सहयोग एवं सहारा मिलता है। वे आतंकवादी गतिविधियों से दुनिया को विनष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की किसी घटना को बर्दाश्त करने वाली बात नहीं है। हमारे बिहार के दो जवान शहीद हुए हैं एवं एक घायल भी हुए हैं। जो जवान शहीद हुए हैं हम उनके परिवार के लिए जो भी जरुरी है वो करेंगे। राज्य सरकार की तरफ से जो स्कीम है उसे और बढ़ा कर बच्चों के पढने के लिए एवं परिवार की जो अन्य आवश्यकताएं हैं उसको पूरा करने के लिए पहल करेंगे। दोनों जिलों के जिलाधिकारी से कह दिया गया है कि वे उनके परिजनों से मिल कर उनकी आवश्यकताओं जैसे पढाई–लिखाई, शादी विवाह एवं अन्य जरूरतों की जानकारी लें जिसमें हम सब सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले से जो बना नियम है उसके अलावा भी सब कुछ किया जाएगा। राज्य सरकार की तरफ से एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से भी मदद की जायेगी। आज ही सुबह मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव गृह विभाग से इस संबंध में बात हुई है। जिलाधिकारी को भी इस संबंध में निर्देश दिया गया है। सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि पूरे राज्यवासी शहीद के परिजनों के साथ हैं।

पत्रकारों के प्रश्न कि क्या सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अन्य कदम उठाने चाहिए के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि कड़े कदम तो जरुर उठाने ही होंगे। इसके जवाब में कौन सा कदम उपयुक्त होगा यह तो निर्णय लेना केंद्र का काम है, लेकिन इसका जवाब तो मिलेगा। कश्मीरी

अलगाववादियों से सम्बंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सब चीजों को भी देखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना पूर्व में नहीं घटी थी। इस घटना के बाद जिस तरह देश के लोगों का मिजाज है, उसके हिसाब से जबर्दश्त कार्रवाई करनी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिजनों को राज्य सरकार से मिलने वाली 11 लाख रूपये की राशि के अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 लाख रुपया सहायता के रूप में दिया जाएगा इसके अलावा अन्य जरुरी आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहयोग किया जाएगा।

हवाई अड्डा पर उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, केन्द्रीय मंत्री श्री रवि शंकर प्रसाद, केन्द्रीय मंत्री श्री राम कृपाल यादव, पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन वर्मा, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सी0पी0 ठाकुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री नित्यानंद राय, राज्य सभा सांसद श्री आर0के0 सिन्हा, राजद प्रदेश अध्यक्ष श्री राम चन्द्र पूर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडे, अपर मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, अपर पुलिस महानिदेशक श्री जे0एस0 गंगवार, आई0जी0 पटना प्रमंडल श्री सुनील कुमार, डी0आई0जी0 पटना प्रमंडल श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, वायुसेना, एस0एस0बी0 एवं सी0आर0पी0एफ0 के वरीय पदाधिकारीगण ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

******